भारत के खिलाफ टली हुई सीरीज के लिए नई तारीख तलाशने पर बातचीत चल रही है। भारत को अगस्त-सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने थे, लेकिन सीरीज फिलहाल टाल दी गई है।

- तमिम इकबाल

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष, भारत-बांग्लादेश सीरीज को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोहित शर्मा



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज और 2024 टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा अब क्रिकेट के मैदान के बाद टेलीविजन की दुनिया में भी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने अपने आगामी शो 'फैमिली फुल हाउस विद रोहित शर्मा' के नाम की घोषणा की है। यह शो 19 सितंबर 2026 से प्रसारित होगा। रोहित शर्मा इस शो के मुख्य आकर्षण होंगे और इसके जरिए उनका बहुप्रतीक्षित टेलीविजन डेब्यू होगा। पारिवारिक मनोरंजन पर आधारित इस कार्यक्रम को दर्शकों के लिए एक नए और मनोरंजक अंदाज में पेश किया जाएगा।

क्या आप जानते हैं ?... मेजर ध्यानचंद को खेल के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 1956 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया।

एफआईएच पैरा हॉकी विश्व कप में भाग लेकर लौटे भारतीय टीम के मुख्य कोच दलजेन्द्र सिंह ने अपने अनुभव साझा किये

भारत का तात्कालिक ध्यान अगले साल अक्टूबर में चिली में होने वाले स्पेशल ओलंपिक समर गेम्स पर केंद्रित

जाकिर हुसैन

जयपुर, 31 अगस्त। एफआईएच पैरा हॉकी विश्व कप में भाग लेने के लिए 20 से 24 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में हुई इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम ने प्रदेश में अपना अंतिम प्रशिक्षण शिविर पूरा कर टीम 18 अगस्त को नीदरलैंड के लिए रवाना हुई थी। इस ऐतिहासिक सफर में गुरुग्राम की भी अहम भूमिका रही है। भारतीय टीम को तैयार करने की प्रक्रिया की शुरुआत ही 29 अक्टूबर 2025 को गुरुग्राम में आयोजित लेवल-1 कोच प्रशिक्षण शिविर से हुई थी। इसके बाद फरवरी में फरीदाबाद में पहली राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप आयोजित हुई, जबकि मई में कोचों के लिए लेवल-2 प्रशिक्षण भी गुरुग्राम में हुआ। विश्व कप तक पहुंचने वाली टीम की नींव प्रशिक्षण, प्रतियोगिता और लगातार अभ्यास के जरिए गुरुग्राम-फरीदाबाद में ही तैयार हुई। पहला एफआईएच पैरा हॉकी विश्व कप 6-ए-साइड प्रारूप में खेला गया।

खास बात यह है कि मुकाबले मिश्रित प्रारूप में प्रत्येक टीम में 10 खिलाड़ी हुए। भारत समेत 16 देशों की टीमो ने इसमें हिस्सा लिया। इनमें मेजबान बेल्जियम और नीदरलैंड के अलावा मलेशिया, पाकिस्तान, फ्रांस, जर्मनी, जाम्बिया, आयरलैंड, इटली, अमेरिका, बुल्गारिया, चिली, इंग्लैंड, स्पेन और अर्जेंटीना शामिल हुई।

भारत के 15 सदस्यीय दल में 10 खिलाड़ी, दो कोच और तीन सहायक कर्मचारी शामिल थे।

भारतीय टीम के मुख्य कोच दलजेन्द्र सिंह ने टीम के खिलाड़ियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि टीम की कमान हरियाणा के जीवन के हाथों में थी जोकि एक डिफेंडर की पोजिशन में खेलते है। हरियाणा की साक्षी और तमन्ना मिडफील्ड में टीम का हिस्सा रहीं। पंजाब की अमनदीप कौर, दिल्ली के गोलकीपर इशान प्रताप सिंह, राजस्थान की अनामिका कंवर, आंध्र प्रदेश के जगनमोहन सियती, गुजरात की तस्लीन, केरल के सूरज बाबू और हिमाचल प्रदेश की ममता भी भारतीय टीम में शामिल रही।

टीम के मुख्य कोच दलजेन्द्र सिंह थे जिन्होंने देश के विभिन्न राज्यों (पंजाब, आंध्र प्रदेश, गुजरात और राजस्थान आदि) से आए इन बच्चों को प्रशिक्षित किया। कोच राजेश्वरी ने भी टीम को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

5 मैच हारे, 2 जीते ओर 1मैच ड्रा रहा : दलजेन्द्र सिंह ने बताया कि भारतीय टीम ने 5 मैच हारे, 2 जीते ओर 1मैच ड्रा रहा। भारतीय टीम ने 22 अगस्त 2026 को नीदरलैंड्स के एमस्टेलवीन मेंअर्जेंटीना को 7- 0 से हराकरविश्व स्तर पर पैरा फील्ड हॉकी में भारत की पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने चिली को 10- 1 गोलों से हरा कर बड़ी जीत दर्ज की। लेकिन नीदरलैंड से 5- 0, स्पेन से 5- 2, बुलगारिया से 7-2, मलेशिया से 7-2, और इंग्लैंड से 5-2, से मैच हारे।

लेकिन भारत के फॉरवर्ड खिलाड़ी तसलीम इस टूर्नामेंट के सबसे बड़े स्टार साबित हुए, जिन्होंने 8 मैचों में 17 गोलदागकर इतिहास बनाया। भारत ने इस वर्ल्ड कप में 11वां स्थान हासिल किया।

दलजेन्द्र सिंह के अनुसार दरअसल इस टूर्नामेंट का प्रारूप पारंपरिक हॉकी से अलग था। यह 6-ए-साइड गेम था, जिसमें लड़के और लड़कियां एक साथ मिलकर खेलते हैं। पिच छोटी होती है, खेल दो 15-मिनट के हाफ में खेला जाता है और टीमें मिश्रित होती हैं। जबकि मैदान पर चार लड़कों और दो लड़कियों सहित छह खिलाड़ी खेलते हैं। हमारी टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

वहाँ पर एक एक क्लब के पास 5-5 एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड है। खिलाड़ियों की बात की जाए तो सभी खिलाड़ी साढ़े पांच फीट से ऊपर ही मिलेंगे। नीदरलैंड का एक खिलाड़ी तो 7 फीट से ऊपर था। सभी टीमों के खिलाड़ियों के पास की तकनीक इतनी परफेक्ट थी कि मैच के दौरान सही पोजीशन वाले खिलाड़ी को ही पास देते थे। जो गोल पोस्ट में गेंद को झूला सके। वहां के खिलाडी टीम के लिए खेलते देखे गए ना कि खुद के लिए।

वहां का मौसम हमेशा ठंडा रहता है। रात का तापमान 13-14 डिग्री और दिन में 21-23 डिग्री तक रहता है। एक मैच में बरसात के बीच भी मैच खेलना पड़ा। वक्त की कद्र वहां के लोगों की ज़िंदगी में। सुबह 6.30 बजे होटल के पोर्च में बस आती ओर सभी खिलाड़ियों और स्टॉफ को लेकर ग्राउंड पहुंच जाती थी। सभी टीमों को पोर्च में 10 मिनट पहले ही आना होता था, अगर कोई खिलाड़ी टाइम के बाद आता तो बस अपने तय वक्त पर रवाना हो जाती थी।

शाम को मैच 3.30 बजे शुरू होना है तो उसी वक्त शुरू होता था किसी का इंतजार नहीं करते थे।

दलजेन्द्र सिंह ने कहा कि अब भारत का तात्कालिक ध्यान अगले साल अक्टूबर में चिली में होने वाले स्पेशल ओलंपिक समर गेम्स पर केंद्रित हो गया है, जो बौद्धिक अक्षमता वाले एथलीटों के लिए पैरालंपिक के समकक्ष होगा।''इसके लिए हमें एक मजबूत टीम बनानी होगी। यही हमारा तात्कालिक लक्ष्य है।

ओली रॉबिन्सन के 8 विकेट से ढहा पाकिस्तान, इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट जीतकर सीरीज पर जमाया कब्जा

नई दिल्ली, 31 अगस्त। लॉर्ड्स में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने शानदार गेंदबाजी के दम पर 194 रन की बड़ी जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की इस जीत के नायक ओली रॉबिन्सन रहे, जिन्होंने पूरे मुकाबले में आठ विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरी पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के लिए सऊद शकील ने 97 रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा सके।

389 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम मुश्किल पिच पर 194 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। रॉबिन्सन ने पहली पारी में 11 रन देकर चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए। इस तरह उन्होंने मैच में कुल आठ विकेट अपने नाम किए। पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। रॉबिन्सन ने चार गेंदों के भीतर दो विकेट लेकर मेहमान टीम को सात रन पर दो झटके दे दिए। इसके बाद तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कप्तान बाबर आजम को आउट कर पाकिस्तान को 14 रन पर तीन विकेट के संकट में पहुंचा दिया।

हालांकि, सऊद शकील और कप्तान शान मसूद ने कुछ समय तक इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना किया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की। रॉबिन्सन ने शान मसूद को 26 रन पर पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। मैदानी अंपायर के नॉट आउट फैसले को समीक्षा के बाद बदला गया।

दलीप ट्रॉफी : वैभव सूर्यवंशी 92 रन पर आउट, तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने से चूके

नई दिल्ली, 31 अगस्त। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में इतिहास रचने से चूक गए। सेंट्रल जोन के खिलाफ ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए सूर्यवंशी 81 गेंदों में 92 रन बनाकर आउट हुए। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक लगाने वाले भारत के दूसरे सबसे युवा बल्लेबाज बनने से महज आठ रन दूर रह गए। वह दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए।

15 साल और 157 दिन की उम्र में सूर्यवंशी के पास सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ने का शानदार मौका था। तेंदुलकर ने 1988 में रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 15 साल और 230 दिन की उम्र में अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक लगाया था। भारत के सबसे कम उम्र में प्रथम श्रेणी शतक लगाने वाले बल्लेबाज का रिकॉर्ड हालांकि अभी भी ध्रुव पांडोव के नाम है। उन्होंने 1988 में महज 14 साल और 293 दिन की उम्र में शतक लगाया था।

प्रोफेशनल क्रिकेट में मोहम्मद शमी 900 विकेट लेने वाले 6वें भारतीय तेज गेंदबाज बने : दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल 1 में खेल के दूसरे दिन मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को

अभिमन्यू ईश्वरन के हाथों कैच आउट कराकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पहली पारी में भी दो विकेट हासिल किए थे। प्रोफेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद शमी 6वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वे प्रोफेशनल क्रिकेट में 900 या उससे अधिक विकेट लेने वाले भी 6वें भारतीय तेज गेंदबाज बने हैं। इससे पहले कपिल देव, जहीर खान, जयदेव उनादकट, जवागल श्रीनाथ और आर विनय कुमार जैसे दिग्गज गेंदबाज यह कारनामा कर चुके हैं।

तिलक वर्मा ने जड़ा शतक, दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी टीम को दिलाई अहम बढ़त : दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा ने एक बार फिर अपनी क्लास का परिचय दिया है। साउथ जोन की कप्तानी कर रहे तिलक वर्मा ने शतकीय पारी खेली है। उन्होंने नॉर्थ जोन के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की है और अपने धैर्य का परिचय देते हुए एक बार फिर दमदार प्रदर्शन किया है।

चाइना मास्टर्स के पहले दौर में विश्व चैंपियन लानियर से भिड़ेंगे लक्ष्य, तानवी-उन्नित-देविका पर भी नजर

नई दिल्ली, 31 अगस्त। हाल ही में संपन्न विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में शुरुआती दौर से बाहर होने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 में दमदार वापसी करना चाहेंगे। हालांकि, विश्व नंबर-13 लक्ष्य के लिए टूर्नामेंट की शुरुआत ही बेहद मुश्किल चुनौती से होगी, क्योंकि पहले दौर में उनका सामना नवनिर्वाचित विश्व चैंपियन एलेक्स लानियर से होगा। विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद लक्ष्य का इस साल प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई, जबकि चार अन्य प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

ग्रैंड चेस टूर फाइनल जीतकर प्रज्ञानानंद ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 31 अगस्त। सेंट लुईस में गुरुवार देर रात फैबियानो करूआना को 15-13 से हराकर प्रज्ञानानंद ने ग्रैंड चेस टूर फाइनल का खिताब जीत लिया। इसके साथ ही वह इस प्रतियोगिता को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। 11 साल के इतिहास में उनसे पहले केवल छह खिलाड़ी यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं। खिताब के साथ उन्हें दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी मिली। यह जीत इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि कुछ महीने पहले तक प्रज्ञानानंद का प्रदर्शन सवालों के घेरे में था। 2026 कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में उनका अभियान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भी उस दौर को उनके लिए मुश्किल समय बताया है। आनंद के मुताबिक पिछले साल के अंत से ही प्रज्ञानानंद की लय कुछ कमजोर हुई थी और कैंडिडेट्स में उनका प्रदर्शन खास प्रभावी नहीं रहा।

यूएस ओपनः जोकोविच पहले दौर में बाहर, नावेने ने पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में दी मात

न्यूयॉर्क, 31 अगस्त। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को यूएस ओपन 2026 के पहले ही दौर में बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। 48वीं रैंकिंग वाले अर्जेंटीना के मारियानो नावेने ने रविवार को जोकोविच को 7-6(7/5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इस हार के साथ जोकोविच का रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब का इंतजार और लंबा हो गया। वह 2023 के बाद से इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। यह 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहला मौका है, जब जोकोविच किसी ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में हारकर बाहर हुए हैं। उस समय उन्हें पॉल गोल्डस्टीन ने हराया था। इसके बाद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में लगातार 78 मुकाबले जीते थे।

नावेने की करियर की सबसे बड़ी जीत : 25 वर्षीय नावेने के लिए यह जीत बेहद खास रही। यह ग्रैंड स्लैम में उनकी पहली जीत है किसी शीर्ष-10 खिलाड़ी के खिलाफ। उन्होंने चार घंटे 36 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच को शारीरिक रूप से परेशान किया और निर्णायक सेट में पूरी तरह दबदबा बनाया।

हार के बाद जोकोविच ने कहा, मैंने इसका आनंद नहीं लिया। कोर्ट पर मेरे लिए यह कितना खराब अहसास था, यह साफ दिखाई दे रहा था।

आमेर नाइट्स ने पेनल्टी शूटआउट में जयगढ़ वॉरियर्स को हराकर जीता खिताब

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल स्कूल द्वारा आयोजित जयपुर फुटबॉल सीजन 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोमांचक फाइनल मुकाबला, शानदार प्रदर्शनी मुकाबला तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान समारोह ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। जयपुर फुटबॉल सीजन 2026 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला आमेर नाइट्स और जयगढ़ वॉरियर्स के बीच खेला गया। मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। दोनों टीमों ने कई अवसर बनाए, लेकिन कोई भी टीम बढ़त बनाने में सफल नहीं हुई। दूसरे हाफ में आराध्य बैराठी ने जयगढ़ वॉरियर्स की ओर से गोल करते हुए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। आमेर नाइट्स ने अंतिम क्षणों तक संघर्ष जारी रखा। मुकाबले के आखिरी मिनट में कबीर डिंगरा ने महत्वपूर्ण बराबरी का गोल करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। निर्धारित समय के बाद भी दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया। पेनल्टी शूटआउट में आमेर नाइट्स ने 3-2 से जीत दर्ज की और जयपुर फुटबॉल सीजन 2026 का खिताब अपने नाम किया। जयपुर फुटबॉल सीजन 2026 के समापन समारोह में राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम आमेर नाइट्स को विजेता ट्रॉफी प्रदान की तथा टीमों को ट्रॉफियां और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनके व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए।

मयंक अग्रवाल ने डरहम के साथ चार मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया

चेस्टर-ले-स्ट्रीट, 31 अगस्त। भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने इंग्लैंड की काउंटी टीम डरहम के साथ मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-दो सत्र के अंतिम चरण के लिए चार मैचों का करार किया है। डरहम ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

35 वर्षीय मयंक अग्रवाल टीम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल की अगुआई वाली डरहम टीम से जुड़ेंगे। टीम डिविजन-दो से पदोन्नित हासिल करने की कोशिश में जुटी है। मयंक आगामी मुकाबले में नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ डरहम के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम की जगह लेंगे, जो अपने देश लौट गए हैं। कैंपबेल ने कहा, हमें खुशी है कि मयंक डरहम के साथ काउंटी चैंपियनशिप के अंतिम चरण में जुड़ रहे हैं। डेविड बेडिंघम के दक्षिण अफ्रीका लौटने के बाद हमारे लिए जरूरी था कि हम एक उच्च स्तर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर को टीम में शामिल करें। मयंक ने भारत के लिए 21 टेस्ट मैचों में 1,488 रन बनाए हैं। उनके नाम चार शतक हैं, जिसमें 2019 में इंदौर में बांग्लादेश के खिलाफ बनाया गया 243 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी शामिल है। उन्होंने भारत के लिए पांच एकदिवसीय मैच भी खेले हैं, जिसमें 86 रन बनाए हैं।

मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया

नई दिल्ली, 31 अगस्त। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर ने लियोनेल मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार को एक इंस्टा पोस्ट के जरिए इसकी जानकारा दी। मेसी ने लिखा कि अब वे राष्ट्रीय टीम की जर्सी नहीं पहनेंगे।

मेसी ने बताया कि 'उन्होंने यह फैसला वर्ल्ड कप फाइनल में स्पेन से हारने के 2 दिन बाद ही ले लिया था।' मेसी ने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद मुश्किल और दर्दनाक है। मेसी ने लिखा, फाइनल के बाद से इतना समय बीत चुका है। काफी सोचने के बाद मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं नेशनल टीम से संन्यास ले रहा हूं। यह ऐसा फैसला था जिसने मुझे चोट पहुंचाई और आज भी गहराई से दुख देता है, लेकिन मैं समझता हूं कि यही सही समय है। मैंने हमेशा इस जर्सी के लिए अपना सब कुछ दिया है। सिर्फ उन पिछले कुछ वर्षों में ही नहीं, जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने हमेशा लड़ाई लड़ी और बेस्ट दिया। ताकि आपको खुशी मिले। फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीना का होने पर गर्व महसूस हो।

यूएस ओपन : सोफिया केनिन ने वीनस विलियम्स को हराया

न्यूयॉर्क, 31 अगस्त। अमेरिकी वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी सोफिया केनिन ने 46 वर्षीय हमवतन वीनस विलियम्स को यूएस ओपन-2026 के पहले दौर में 6-2, 7-6 (6) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह मुकाबला न्यूयॉर्क में आधी रात के बाद शुरू हुआ और महिला यूएस ओपन इतिहास का सबसे देर से शुरू होने वाला मुकाबला बन गया। आर्थर ऐश स्टेडियम में मुकाबला नोवाक जोकोविच और मारियानो नावेने के बीच पांच सेट के मुकाबले के बाद शुरू हुआ। देर रात होने के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक वीनस को देखने के लिए स्टेडियम में रुके रहे। वीनस अपने करियर के 96वें ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड के जरिए उतरी थीं।

जयपुर जिला क्रिकेट संघ

अंडर - 23 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 4 सितंबर को

जयपुर, 31 अगस्त। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की अंडर - 23 चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित करने के लिए चयन ट्रायल दिनांक 4 सितंबर को प्रातः 9 बजे के एल सैनी स्टेडियम पर आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल में केवल जयपुर के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2003 या इसके बाद हुआ है। जो खिलाड़ी ट्रायल देना चाहते है उनको अपना रजिस्ट्रेशन के एल सैनी स्टेडियम पर दिनांक 2 व 3 सितंबर को प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक कराना होगा। खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिया निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे।

कंप्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र, स्वयं का व माता - पिता का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछले 3 वर्ष की मार्कशीट।

पहली बार रात की रोशनी में होंगे कुछ टूर्नामेंट्स के फाइनल

जयपुर में आज से होगा वार्षिक सितम्बर पोलो सीज़न 2026 का आगाज

जयपुर, 31 अगस्त। राजस्थान पोलो क्लब की ओर से जयपुर में वार्षिक सितंबर पोलो सीजन 2026 का कल से आगाज होने जा रहा है। यह सीजन 25 अक्टूबर 2026 तक चलेगा और इस दौरान कई प्रतिष्ठित पोलो टूर्नामेंट्स और एग्जीबिशन मैच आयोजित किए जाएंगे। इस आगामी सीजन को लेकर महाराजा पद्मनाभ सिंह ने कहा कि जयपुर का पोलो सीजन हर वर्ष अपनी अलग पहचान बनाता है और 2026 का सितंबर सीजन इसे एक नई ऊंचाई देने जा रहा है। इस बार खेल के स्तर और प्रतियोगिताओं के विस्तार के साथ देश-विदेश के बेहतरीन खिलाड़ियों को जयपुर में देखने का अवसर मिलेगा। हमारा उद्देश्य जयपुर की समृद्ध पोलो परंपरा को संरक्षित रखते हुए इसे नई पीढ़ी से जोड़ना है। युवा और महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना भी हमारी प्राथमिकता है। हमें विश्वास है कि यह सीजन खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक मुकाबलों और शानदार अनुभवों से भरपूर रहेगा।

इस वर्ष के पोलो सीजन की एक खास विशेषता यह होगी कि कुछ टूर्नामेंट्स के फाइनल मुकाबले और एग्जीबिशन मैच रात में खेले जाएंगे। इन मुकाबलों के लिए पोलो मैदान में फ्लडलाइट्स भी लगाई जा चुकी हैं। रात की रोशनी में होने वाले ये मुकाबले दर्शकों के लिए एक अनूठा और रोमांचक अनुभव लेकर आएंगे।

सीजन की शुरुआत आरपीसी कप (4 गोल) से होगी, जो 1 से 6 सितंबर तक खेला जाएगा। जिसके पश्चात, आरपीसी कप (4 गोल) का दूसरा चरण 7 से 13 सितंबर तक होगा। वहीं, चिंकारा पोलो चैंपियनशिप (6 गोल) 14 से 20 सितंबर तक और आर्मी कमांडर्स कप (6 गोल) 21 से 27 सितंबर तक 61वीं कैवेलरी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इसी दौरान, 14 से 27 सितंबर तक आउट ऑफ हैट फॉर्मेट में जयपुर जूनियर ओपन-अंडर-21 भी होगा।

इसी कड़ी में, अक्टूबर माह में स्टर्नहेगन द्वारा प्रायोजित भावनगर पोलो ट्रॉफी (8 गोल) 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक; सवाई मान गार्ड कप (8 गोल) 5 से 11 अक्तूबर तक; होटल कैसल कानोता द्वारा प्रायोजित जनरल अमर सिंह कानोता कप (6 गोल) 12 से 18 अक्टूबर तक और एनबीसी द्वारा प्रायोजित बीएम बिड़ला कप (4 गोल) 19 से 25 अक्टूबर तक आयोजित होंगे।

पोलो सीजन के दौरान कुछ विशेष एग्जीबिशन मुकाबले भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इनमें एफएचटीआर द्वारा प्रायोजित एफएचटीआर एग्जिबिशन पोलो मैच 18 सितंबर को और यूएसपीए द्वारा प्रायोजित मेयो पोलो कप 10 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इंटरनेशनल जूनियर टेस्ट मैच 1 नवंबर 2026 को प्रस्तावित है।

अंडर 19 डूंगरपुर चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम घोषित

दौसा, 31 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया की अंडर 19 प्रतियोगिता जो कि दिनांक 01 09 2026 से जयपुर में आयोजित की जाएगी उसके लिए जिले की टीम निम्न प्रकार है। आदित्य भट्ट कप्तान, शिवम जैमन उपकप्तान, गौरांश जैमन, अविनेश गुप्ता, जतिन सैनी, योगेश सैनी, सुमित शर्मा, प्रांजल सेन, रितिक, मनन मीना, अंश प्रताप सिंह, दिव्यांशु शर्मा, शौर्य सिंह, पीयूष सैनी, हिमांशु पाराशर, अनिरुद्ध शर्मा, योगेश मेरोठा। इस टीम के कप्तान आदित्य भट्ट और उपकप्तान शिवम जैमन एवं टीम के कोच प्रेम सिंह और मैनेजर सुखराम गुर्जर होंगे।

सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि जिले की टीम का चयन सीनियर चयन समिति द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से किया गया है। चयन के लिए खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस और उनका अनुशासन देखकर किया गया है। दौसा का पहला मैच कल 01. 09. 2026 को चूरू से 02.09. 2026 को करौली से 03.09. 2026 को बांसवाड़ा से 05.09. 2026 को अजमेर से 6.9.2026 को चित्तौड़गढ़ से होगा।

राजस्थान टीम ने जमकर पसीना बहाया, नॉर्थ जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता कल से

भीलवाड़ा, 31 अगस्त। यहां 2 से 6 सितम्बर तक होने वाली योनेक्स-सनराईज नॉर्थ जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो गई है। प्रतियोगिता में मेजबान राजस्थान सहित दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेष, जम्मू-कष्मीर और चंडीगढ़ की टीमें भाग लेगी। आयोजन सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि सोमवार को राजस्थान के खिलाड़ियों ने सांगानेर रोड़ स्थित फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी में जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता का आयोजन इसी एकेडमी पर होगा। शर्मा ने बताया कि चीफ रेफरी महाराष्ट्र के विनय जोषी भी भीलवाड़ा पहुंच चुके है और मंगलवार की शाम 5 बजे प्रतियोगिता का ड्रॉ डाला जायेगा। साथ ही टीम मैनेजर, तकनीकी अधिकारियों की बैठक भी होगी। उन्होंने बताया कि

प्रतियोगिता के पहले दिन टीमें प्री-क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय करेगी। 3 सितम्बर को क्वार्टरफाइनल और अगले दिन टीम इवेंट के फाइनल और जूनियर वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबले खेले जायेंगे। 5 सितम्बर को व्यक्तिगत मुकाबलों के क्वार्टरफाइनल व सेमीफाइनल खेले जायेंगे और 6 सितम्बर की सुबह फाइनल मुकाबले होंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेष खंडेलवाल ने बताया कि देर रात दिल्ली की टीम भी भीलवाड़ा पहुंच गई। शेष टीमों का मंगलवार की सुबह तक आने का कार्यक्रम है। उन्होने बताया कि सीनियर वर्ग टीम स्पर्धा में गत वर्ष हरियाणा ने दोहरी सफलता प्राप्त की थी। अंडर-19 के दोनो वर्गो में दिल्ली की टीम चैम्पियन बनी थी।

राजस्थान बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष और राज्य टीम के मैनेजर जाकिर हुसैन ने बताया कि खिलाड़ियों को भोजन और आवास की उच्च स्तरीय सुविधाए उपलब्ध कराई गई है। राजस्थान टीम के सभी खिलाड़ी फॉर्म है और उनसे बेहतर प्रदर्षन की उम्मीद है।

संस्कार स्कूल व रमन इंटरनेशनल स्कूल जीती

शिफान खान का शतक

जयपुर, 31 अगस्त। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे फादर रेमंड कोएल्हो डायमंड जुबली कप में तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल व संस्कार स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें जयश्री पेरीवाल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 127/5 रन बनाए। जिसमें अर्पित मेहता ने 51 रन व अरनव शर्मा ने 35 रनों का योगदान दिया। संस्कार स्कूल की ओर से गेंदबाजी में अंशुल स्वामी ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार स्कूल 10.3 ओवर में 129/3 रन बनाकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। जिसमें शिफान खान ने 104 रन व देवांश टाक ने नाबाद 13 रनों की पारी खेली। जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल की ओर से गेंदबाजी में अर्पित मेहता ने दो विकेट लिए। संस्कार स्कूल ने 7 विकेट से मुकाबला जीता। दिन का दूसरा मुकाबला चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। जो रमन इंटरनेशनल स्कूल व सेंट एनसलम सीनिय